



# न्यूज़ लेटर
# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## अक्टूबर-2022

## पुलिस रेडियो कार्मिकों का सम्मेलन

- दिनांक 21.09.2022: श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों के रेडियो कार्मिकों से वीडियो कान्फ्रेसिंग संवाद एवं सैनिक सम्मेलन किया गया जिसमें रेडियो मुख्यालय एवं जनपदों में नियुक्त सभी राजपत्रित अधिकारी एवं अधीनस्थ अराजपत्रित कार्मिक उपस्थित रहे।

सैनिक सम्मेलन में विभाग / कार्मिकों से सम्बन्धित निम्न मुख्य समस्यायें प्रस्तुत की गयीं–

1. जनपदों में वायरलेस उपकरणों के ब्रेकडाउन की मरम्मत हेतु अनुरक्षण वाहन की आवश्यकता,
2. मानसिक तनाव से बचने हेतु ध्यान कक्षाओं का आयोजन,
3. जनपदों से सेट मरम्मत इत्यादि कार्य से मुख्यालय आने वाले कार्मिकों की आवासीय समस्या,
4. कतिपय संदेशवाहकों को लगभग 32 वर्ष सेवा के बाद भी पदोन्नति का लाभ न मिल पाना,
5. नियंत्रण कक्षों में नियुक्त संदेशवाहकों से इतर महत्वपूर्ण कार्यों में लगे सभी चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को साईकिल भत्ता दिये जाने पर विचार किया जाना एवं
6. साइफर केन्द्रों में प्रशिक्षित कार्मिकों की नियुक्ति किया जाना।

उक्त बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही किये जाने के निर्देश सर्वसम्बन्धित को दिये गये हैं। सम्मेलन के दौरान उत्कृष्ट कार्य, खेलों में विशेष अभिरुचि तथा मानवीय संवेदना प्रदर्शित करने वाले 05 निम्न कार्मिकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, आनन्द कुमार शुक्ला– सीसीटीवी में विशेषज्ञता हेतु,
2. रेडियो उपनिरीक्षक, वर्मा गोपाल जी महादेव प्रसाद– स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप, नई दिल्ली में सेवा, विशेषज्ञतापूर्ण विविध प्रशिक्षण पूर्ण करने तथा उत्कृष्ट सेवाओं के लिये,
3. प्र0परि0 5911, विक्रान्त सिंह– पॉलीटेक्निक कॉलेज, झाँसी के पास आठ–दस लड़कों द्वारा एक लड़के को बेल्टों से मारने व घायल लड़के के साथ एक लड़की को अभद्रता से बचाते हुए बड़ी घटना घटित होने से बचाने हेतु,
4. प्र0परि0 5183, श्वेता लोहानी– पोलनेट एवं रेडियो मेल के कार्यों में रुचि व पर्यवेक्षण हेतु एवं
5. सहा0परि0 5210, सहर महबूब– उ0प्र0 पुलिस की प्रादेशिक टेबल टेनिस, बॉक्सिंग, वूशू प्रतियोगिताओं में समय–समय पर स्वर्ण पदक, खेलो में रुचि एवं उत्कृष्ट योगदान के लिये।







### अन्दर के पृष्ठों पर........

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा कार्मिकों को कार्यसम्पादन में गुणवत्ता एवं अनुशासन हेतु निम्न निर्देश प्रदान किये गये–

1. जनपद स्तरीय शुक्रवारीय प्रातःकालीन परेड में पुलिस रेडियो कार्मिकों के सम्मिलित होने से अनुशासन व टर्नआउट बेहतर होने के साथ–साथ स्थानीय पुलिस अधिकारियों से बेहतर तालमेल रखने एवं समस्याओं के निराकरण में मदद मिलेगी,
2. सभी कार्मिक इण्टरनेट का प्रयोग तकनीकी ज्ञानार्जन के लिये करें,
3. सिविल पुलिस से अपनी तुलना न करें। पुलिस रेडियो तकनीकी सेवा है। सेवा की गुणवत्ता में सुधार हेतु निरन्तर प्रयत्नशील रहते हुए भविष्य की तकनीक को समझने एवं उसे अपनाने के लिये स्वयं को निरन्तर अपग्रेड करें एवं
4. रेडियो मुख्यालय के ऐसे कार्मिक जो जनपदों में कभी भी नियुक्त नहीं रहे हैं, उन्हें जनपद की कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण जनपद नियंत्रण कक्ष, लखनऊ कमिश्नरेट भेज कर कराया जाय।

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 12.09.2022 | गौतमबुद्धनगर |
| मा0 राज्य पाल, उ0प्र0 | |
| 26.09.2022 | आगरा, गोरखपुर |
| 25.09.2022 | आगरा, मथुरा |
| श्री कलराज मिश्र, मा0 राज्य पाल, राजस्थान | |
| 25.09.2022 | गोरखपुर |
| मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 | |
| 26, 27.09.2022 | गोरखपुर |
| 22, 23.09.2022 | गोरखपुर |
| 13,14,15.09.2022 | गोरखपुर |
| 12.09.2022 | गौतमबुद्धनगर |
| 11.09.2022 | गौतमबुद्धनगर, बागपत |
| 09.09.2022 | वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, गोरखपुर |
| 08.09.2022 | वाराणसी, मऊ, गोरखपुर |
| 07.09.2022 | गोरखपुर |
| 04.09.2022 | बिजनौर |
| श्री बृजेश पाठक, मा0 उप–मुख्य मंत्री, उ0प्र0 | |
| 08.09.2022 | बदायूँ |
| श्री केशव प्रसाद मौर्य, मा0 उप–मुख्य मंत्री, उ0प्र0 | |
| 04.09.2022 | कौशाम्बी |

- जनपद बलरामपुर में दिनांक 26.09.2022 से तुलसीपुर देवी पाटन मन्दिर में लगने वाले शारदीय नवरात्रि मेला के दौरान सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन एवं निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

## पुलिस मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–16–सो0मी0निर्देश/2021 दिनांक 09.09.2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि मुख्यालय स्तर से District Police नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप संचालित है जिसमें समस्त कमिश्नरेट/जनपद/परिक्षेत्र/जोन एवं मुख्यालय स्तर के अधिकारीगण के सी0यू0जी0 मोबाइल नम्बर को जोड़ा गया है। उक्त ग्रुप पर समय–समय पर महत्वपूर्ण सूचनाओं/आदेशों/निर्देशों एवं जनपदीय अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण घटनाओं/सराहनीय कार्यों को प्रेषित किया जाता है। उक्त व्हाट्स ग्रुप को प्रभावी एवं सक्रिय बनाये जाने के उद्देश्य से निम्न प्रकार संशोधन किये गये हैं–

1. समस्त कमिश्नरेट/जनपद/परिक्षेत्र/जोन में नियुक्त प्रभारी के अधिकारी के सीयूजी मोबाइल नम्बर के अतिरिक्त व्यक्तिगत मोबाइल नम्बर भी उक्त ग्रुप में जोड़े जा रहे हैं। सम्बन्धित अधिकारी के स्थानान्तरण होने की स्थिति में उनके व्यक्तिगत मोबाइल नम्बर को ग्रुप से हटा दिया जायेगा।
2. मुख्यालय एवं अन्य महत्वपूर्ण इकाईयों के अपर पुलिस महानिदेशक एवं उनके सहयोगी अधिकारी के मोबाइल नम्बर को भी उक्त ग्रुप में जोड़ा जा रहा है।
3. उक्त ग्रुप में सम्मिलित अधिकारी महत्वपूर्ण घटनाओं की सूचना तथा सराहनीय कार्य से सम्बन्धित संक्षिप्त विवरण एवं सीमित संख्या में फोटो इत्यादि प्रेषित करेंगे।

उक्तानुसार ग्रुप पर प्रेषित आदेशों का समय से संज्ञान लेकर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को संज्ञानित कर अनुपालन कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 2696/6–पु–1–22–1300(02)/2020 दिनांक 05.09.2022 द्वारा राज्य रेडियो अधिकारियों एवं अपर राज्य रेडियो अधिकारियों को निम्नानुसार समयोजित/ नियुक्त किया गया है–

1. श्रीमती अंजुल गंगवार, राज्य रेडियो अधिकारी, मेरठ जोन–राज्य रेडियो अधिकारी, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय, 2. श्री लक्ष्मण सिंह, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, बरेली जोन–अपर राज्य रेडियो अधिकारी, लखनऊ जोन, 3. श्री अखिलेश चन्द्र सक्सेना, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, लखनऊ जोन–अपर राज्य रेडियो अधिकारी, बरेली जोन, 4. श्री विनोद कुमार सिंह, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, प्रयागराज जोन–अपर राज्य रेडियो अधिकारी, मेरठ जोन, 5. श्री बाबू राम यादव, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय–अपर राज्य रेडियो अधिकारी, प्रयागराज जोन।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः सीए/एडीजी –(1)/2022 दिनांक 29.09.2022 में उल्लिखित है कि विगत वर्ष 2017 से तत्कालीन पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा पुलिस रेडियो मुख्यालय में नियुक्त रेडियो कर्मियों के पटल परिवर्तन हेतु 05 वर्ष की समय–सीमा निर्धारित किये जाने के क्रम में हाल में रेडियो मुख्यालय में 05 वर्ष से अधिक समय वाले कतिपय रेडियो कर्मियों का पटल परिवर्तन किये जाने के दृष्टिगत प्राप्त जानकारी के अनुसार कतिपय राजपत्रित अधिकारियों ने ऐसे कार्मिकों को कार्यमुक्त करने में हीला–हवाली का परिचय दिया है। यह भी उल्लिखित है कि कतिपय कार्मिक राजपत्रित अधिकारियों अपने कार्यालय में लम्बे समय तक नियुक्त किये गये हैं, जिसके कारण अन्य कार्मिकों की दक्षता एवं क्षमता उस अपेक्षित स्तर तक विकसित नहीं हो पाती है एवं कर्मचारियों में अलगाव की भावना को बढ़ावा मिलता है। साथ ही अधिकारियों को विभागीय नियमों आदि की जानकारी न हो पाने के कारण उनकी अपने कार्मिकों पर निर्भरता बढ़ जाती है। जनपदों में भ्रमण के दौरान लगातार ऐसे फीडबैक मिलते रहते हैं कि रेडियो मुख्यालय एवं फील्ड में तैनात पर्यवेक्षण अधिकारियों के कार्यालय में नियुक्त कर्मियों द्वारा कतिपय कारणों से प्रशासनिक निर्णय प्रभावित करने का प्रयास

किया जाता है। इस स्थिति में तत्काल सुधार के दृष्टिगत ही रेडियो मुख्यालय में तत्कालीन पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में मुख्यालय में पटल परिवर्तन किया गया है।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एम–295/2022 दिनांक 24.09.2022 द्वारा मुख्यालय के विभिन्न अधिकारियों के स्तर से उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग में नियुक्त अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध निलम्बन/ प्रारम्भिक जाँच/विभागीय कार्यवाही आदि के आदेश निर्गत कर दिये जाने के कारण जाँच पूर्ण होने के उपरान्त पत्रावलियों के निस्तारण एवं लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करने में कठिनाई के दृष्टिगत आदेशित किया गया है कि सम्बन्धित जोन के पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा अपने जोन में नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की निलम्बन/प्रारम्भिक जाँच/विभागीय कार्यवाही हेतु प्रकरण से सम्बन्धित रिपोर्ट/आख्या पुलिस उपमहानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय को प्रेषित की जायेगी। प्रेषित रिपोर्ट पर पत्रावली कार्यालय अधीक्षक शाखा द्वारा खोलकर जाँच आवंटन आदि की कार्यवाही अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के अनुमोदनोपरान्त किये जाने एवं प्राप्त जाँच आख्या पुलिस उपमहानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय को प्रेषित करने तथा उस पर निर्णय एवं आवंटन आदि से सम्बन्धित अग्रिम कार्यवाही कार्यालय अधीक्षक शाखा द्वारा पत्रावली व्यवहरित कराकर अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के अनुमोदनोपरान्त किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है। लम्बित जाँच, विभागीय कार्यवाही की साप्ताहिक समीक्षा भी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–(1)/2022 दिनांक 22.09.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय में नियुक्त राज्य रेडियो अधिकारियों के लिंक अधिकारियों के विषय में निर्गत पूर्व आदेशों को अतिक्रमित करते हुए निम्नानुसार लिंक आफीसर नामित किये गये है– 1. राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन– राज्य रेडियो अधिकारी, प्राविधिक, 2. राज्य रेडियो अधिकारी, प्राविधिक– राज्य रेडियो अधिकारी, ऑपरेशन एवं 3. राज्य रेडियो अधिकारी, ऑपरेशन– राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के ज्ञाप संख्याः सीए/एडीजी–(1)/2022 दिनांक 22.09.2022 द्वारा महत्वपूर्ण शासकीय प्रकरणों से सम्बन्धित गोपनीय सूचनाएँ मुख्यालय के कतिपय अनुभाग से लीक होने एवं मुख्यालय में नियुक्त कतिपय कर्मियों द्वारा विभागीय गोपनीय प्रकरणों की सूचनाएँ लीक किये जाने के सम्बन्ध में तत्काल ऐसी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- पुलिस उपमहानिरीक्षक, दूरसंचार, मुख्यालय के रेडियो मेल संख्याः एम–657/2018(मिस) दिनांक 20.09.2022 द्वारा जनपदों/इकाईयों में नियुक्त संदेशवाहकों को मैसेन्जर प्यून कह कर सम्बोधित किये जाने के सम्बन्ध में पदनाम से पहले पी0एन0ओ0 नम्बर के साथ अंग्रेजी में Messenger तथा हिन्दी में संदेशवाहक अंकित करते हुए समस्त जनपदों/इकाईयों और मुख्यालय से पत्राचार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

- पुलिस उपमहानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1/2022 दिनांक 09.09.2022 द्वारा राज्य रेडियो अधिकारी, मेरठ जोन, मेरठ के पद से स्थानान्तरित श्रीमती अंजुल गंगवार, राज्य रेडियो अधिकारी द्वारा निदेशानुसार अग्रिम आदेशों तक राज्य रेडियो अधिकारी, ऑपरेशन, उ0प्र0 के पदीय कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के साथ–साथ समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे जाने वाले कार्यों का सम्पादन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1/2022 दिनांक 06.09.2022 द्वारा जनपदों/इकाईयों से इस मुख्यालय में विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को सम्बोधित महत्वपूर्ण डाक को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किये जाने अथवा विलम्ब से प्रस्तुत किये जाने के दृष्टिगत महत्वपूर्ण प्रकरण यथा सेवा सम्बन्धी/अनुशासनात्मक/वित्तीय/क्रय सम्बन्धी/शासन एवं पुलिस मुख्यालय से सम्बन्धित डाक को सीधे अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार को सम्बोधित करते हुए प्रेषित किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1/2022 दिनांक 06.09.2022 द्वारा विभागीय राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों को उपलब्ध कराये गये सीयूजी मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करने पर कतिपय अधिकारियों द्वारा फोन रिसीव न किये जाने अथवा उनका नम्बर Switch off/Not reachable बताये जाने की स्थिति घोर आपत्तिजनक होने के दृष्टिगत अपरिहार्य परिस्थितियों में सम्पर्क एवं राजकीय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से ही सीयूजी नम्बर्स उपलब्ध कराये गये हैं। सीयूजी नम्बर पर काल रिसीव न करने के कारण तत्काल सूचनाओं को आदान–प्रदान नहीं हो पाता है, जिससे राजकीय कार्य तो प्रभावित होता ही है, साथ ही यह कृत्य, राजकीय कार्य के प्रति सम्बन्धित लापरवाही/अरूचि को भी प्रदर्शित करता है। अतएव सीयूजी मोबाइल को प्रत्येक दशा में सदैव क्रियाशील दशा में रखने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में सितम्बर–2022 में 115 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## पदोन्नति

- पुलिस उपमहानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–428/2022 दिनांक 02.09.2022 द्वारा निम्न 07 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यॉंत्रिक) को रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है–

1. 845/आशुतोष त्रिपाठी, रेडियो मुख्यालय, 2. 834/नोमान अहमद, सीतापुर, 3. 100/निर्भान सिंह चौहान, जालौन, 4. 896/गुरदीप सिंह, बागपत, 5. 3576/श्रीकान्त मिश्र, अमेठी, 6. 3552/मनोज कुमार सिंह, सिद्धार्थनगर एवं 7. 3595/चन्द्र भूषण सिंह, कौशाम्बी।

## खेलकूद

- रेडियो निरीक्षक, मुजफ्फरनगर ने अवगत कराया है कि जनपद मुजफ्फरनगर में नियुक्त प्रधान परिचालक/5495, अर्चना द्वारा दिनांक 21.09.2022 से 23.09.2022 तक जनपद मेरठ में सम्पन्न 39वीं अर्न्तजनपदीय पुलिस टेबिल टेनिस एवं बैडमिण्टन प्रतियोगिता–2022 की महिला वर्ग टीम चैम्पियनशिप स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया है।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से सितम्बर–2022 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 08 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरविन्द कुमार मिश्र, लखनऊ, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम प्रताप श्रीवास्तव, कानपुर देहात, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सत्येन्द्र कुमार, रामपुर, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अजय कुमार, मेरठ, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री हरेन्द्र पाल सिंह मौर्य, गौतमबुद्धनगर, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अतुल कुमार गुप्ता, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बरमेश्वर राय, रेडियो मुख्यालय एवं 8. प्रधान परिचालक/4613, रवि प्रकाश, रेडियो मुख्यालय।





## पुलिस रेडियो मुख्यालय पर श्री विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम का आयोजन

- दिनांक 17.09.2022: उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय स्थित केन्द्रीय कर्मशाला में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी प्रातःकाल श्री विश्वकर्मा पूजा का आयोजन परम्परागत, सादगी एवं उल्लास के साथ सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर भजन, पूजा तथा हवन के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। सभी कार्यक्रमों में विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा बढ़–चढ़कर भाग लिया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रसाद वितरण किया गया।





## श्रृद्धाजंलि

- माह सितम्बर–2022 में जनपद ललितपुर में नियुक्त रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अवध नारायण शिवहरे का दिनांक 15.09.2022 को असामयिक निधन हो गया है।



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक उक्त असामयिक निधन हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए उक्त श्री शिवहरे के परिजनों का इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## सैनिक सम्मेलन दिनांक 21.09.2022 की झलकियाँ



रेडियो उपनिरीक्षक, श्री आनन्द कुमार शुक्ला



रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वर्मा गोपाल जी



प्र0परि0/5911, श्री विक्रान्त सिंह



प्र0परि0/5183, श्री श्वेता लोहानी



स0परि0/5210, श्री सहर महबूब

## विभाग का स्मृति चिन्ह




## विश्वकर्मा पूजा की झलकियाँ



लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।